# आकाशवाणी शिमला

## 22.04.2026/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवकों से विकसित भारत के निर्माण में अपने हर प्रयास को समायोजित करने का किया आह्वान।
- ऊना ज़िले की रोड़ा पंचायत में प्रदेश का पहला ऑटोमेटिड ड्राईविंग टैस्ट ट्रैक स्थापित– उपमुख्यमंत्री ने किया उदघाटन।
- प्रदेश में 51 शहरी निकायों के कुल 4 सौ 49 पदों पर 17 मई को होगा मतदान– महिलाओं के लिए एक सौ 95 पद आरक्षित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर सहारा योजना बंद कर लोगों के साथ अन्याय करने का लगाया आरोप।
- नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कल शिमला में होगी महिलाओं की जन आक्रोश पद यात्रा।

### प्रधानमंत्री–सिविल सेवक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवकों से एक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य के साथ अपने हर प्रयास को समायोजित करने का आह्वान किया है। देश के सिविल सेवकों को लिखे पत्र में नरेन्द्र मोदी ने निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सराहा। हाल ही में संपन्न कर्मयोगी साधना सप्ताह में सिविल सेवकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी पर बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सीखने के इस सप्ताहभर के उत्सव में देश भर के सिविल सेवकों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं अनुभव किया है कि निरंतर सीखने की प्रतिबद्धता सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भविष्य में परिवर्तन की गति और भी बढ़ेगी और निरंतर सीखने के लिए प्रतिबद्धता ही सबसे आगे रहने का एकमात्र तरीका है।

### उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना जिले में हरोली की रोड़ा पंचायत में करीब 9 करोड़ रूपए से बने प्रदेश के पहले ऑटोमेटिड ड्राईविंग टैस्ट ट्रैक व ट्रैफिक पार्क का उदघाटन किया। इस परियोजना के शुरू होने से प्रदेश को तकनीक आधारित, पारदर्शी और निष्पक्ष ड्राईविंग टैस्ट प्रणाली मिल गई है। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि पूरे ट्रैक में सैंसर आधारित कैमरे लगाए गए हैं जो हर गतिविधि पर निगरानी रखेंगे। उन्होंने कहा कि ये परिसर उत्तर भारत का अपनी तरह का इकलौता ऑटोमेटिड टैस्टिंग ट्रैक होगा।

### चुनाव आयोग

प्रदेश में 51 शहरी निकायों में 17 मई को होने वाले चुनाव के संबंध में आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार चार नगर निगमों में कुल 64 पदों पर मतदान होगा। इनमें से 14 पद अनुसूचित जाति, 25 पद महिलाओं और 3 पद अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसी प्रकार 25 नगर परिषदों के कुल 2 सौ 29 पदों में से 44 पद अनुसूचित जाति, एक सौ 6 महिलाओं और 5 पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। प्रदेश की 22 नगर पंचायतों में एक सौ 56 पदों पर मतदान होगा। इनमें से अनुसूचित जाति के लिए 31, महिलाओं के लिए 64 और अनुसूचित जनजाति के लिए 4 पद आरक्षित हैं।

### सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने वर्ष 2012 से महिलाओं की सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए कई एतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने आज नाहन में बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी महिलाओं को उनका हक देने के लिए ही लाया गया था लेकिन कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर नारी शक्ति के साथ विश्वासघात किया है। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं को भरोसा दिलाया है कि उन्हें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण हर हाल में दिया जाएगा।

**विज्ञान केन्द्र**

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। इस मौके पर विज्ञान केन्द्र पालमपुर में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर बच्चों के लिए वाक्य लेखन और ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विज्ञान केन्द्र के प्रमुख रामस्वरूप ने बताया कि इस मौके पर पृथ्वी दिवस के इतिहास, वर्तमान पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव सहित अन्य महत्वपूर्ण विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिंकदर कुमार को केन्द्र सरकार ने विदेश मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। सिकंदर कुमार के पास लंबा प्रशासनिक व अकादमिक अनुभव है और वे प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में कुलपति के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सिकंदर कुमार ने इस जिम्मेदारी के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा की गरिमा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करने के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर सहारा पैंशन योजना बंद कर लोगों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने शारीरिक रूप से पूरी तरह से अक्षम लोगों की मदद के लिए ये योजना शुरू की थी और प्रदेश में 30 हज़ार से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल रहा था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने सहारा पैंशन योजना लगभग ठप्प कर दी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने पैंशन की राशि रोकने के लिये जीवित लोगों को मृत घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग चल–फिर नहीं सकते, कांग्रेस सरकार द्वारा उनकी पैंशन रोकना बेहद शर्म की बात है।

**विनय कुमार**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद राहुल गांधी 30 अप्रैल को कांगड़ा में चल रहे कांग्रेस पार्टी अधिवेशन में भाग लेंगे। उन्होंने आज धर्मशाला में कहा कि इस 10 दिवसीय अधिवेशन में तीन राज्यों हिमाचल, जम्मू–कश्मीर और पंजाब के जिला पार्टी अध्यक्ष भाग ले रहे हैं। विनय कुमार ने बताया कि इस अधिवेशन का उद्देश्य पार्टी के साथ नए जुड़े कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की विचारधारा से अवगत कराना और संगठन को मजबूती प्रदान करना है। ये अधिवेशन 21 अप्रैल से शुरू हुआ जो 30 अप्रैल तक चलेगा।

**राजीव बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि शहरी निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में राज्य की जनता कांग्रेस पार्टी को करारा जवाब देगी। उन्होंने आज शिमला में कहा कि कल 23 अप्रैल को शिमला के चौड़ा मैदान में महिलाओं द्वारा जन आक्रोश पद यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैंकड़ों महिलाएं भाग लेंगी। बिंदल ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्थन न देने पर महिलाएं कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ पद यात्रा में प्रदर्शन करेंगी।

**आक्रोश महिला पदयात्रा**

इस बीच नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुद्दे पर चम्बा में आज महिलाओं ने जन आक्रोश पदयात्रा का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में जिले की महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने कहा कि विपक्षी दलों ने सिर्फ अधिनियम का ही विरोध नहीं किया है बल्कि देश की महिलाओं के अधिकारों के साथ भी खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति के सम्मान के साथ किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**पीएम –इंटर्नशिप योजना**

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पात्रता मानदंडों का विस्तार करते हुए इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के छात्रों को भी शामिल किया है। इसके अंतर्गत 18 से 25 वर्ष की आयु के अंतिम वर्ष के छात्र भी अब पी.एम.आई.एस पोर्टल के माध्यम से शीर्ष कंपनियों में सशुल्क इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। केन्द्रीय कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय ने कहा कि छात्रों को आवेदन प्रक्रिया के दौरान

अपने शिक्षण संस्थानों से अनापत्ति प्रमाण पत्र–एन.ओ.सी प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह बताया गया हो कि इंटर्नशिप में भाग लेने से उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं में कोई बाधा नहीं आएगी।

**केएनएच**

शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से महिला रोग विभाग की ओपीडी को आईजीएमसी में शिफ्ट करने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ अनेक संगठन लामबंद हो गए हैं। जनवादी महिला समिति ने अस्पताल के बाहर आज धरना प्रदर्शन किया। समिति की राज्य सचिव फालमा चौहान ने कहा कि अस्पताल से ओपीडी को स्थानांतरित करना महिलाओं के हित में नहीं है और इस फैसले को तुरंत वापिस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस फैसले को वापिस नहीं लिया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

**गेंहू खरीद**

सिरमौर जिले के मैदानी इलाकों में इन दिनों गेंहू खरीद का कार्य जोरों पर है और लक्ष्य के मुताबिक अभी तक 50 फीसदी गेंहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक शमशेर सिंह ने बताया कि जिले में 10 हजार क्विंटल गेंहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए पांवटा साहिब व धौलाकुंआं में खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवकों से विकसित भारत के निर्माण में अपने हर प्रयास को समायोजित करने का किया आह्वान।
- ऊना ज़िले की रोड़ा पंचायत में प्रदेश का पहला ऑटोमेटिड ड्राईविंग टैस्ट ट्रैक स्थापित– उपमुख्यमंत्री ने किया उदघाटन।
- प्रदेश में 51 शहरी निकायों के कुल 4 सौ 49 पदों पर 17 मई को होगा मतदान– महिलाओं के लिए एक सौ 95 पद आरक्षित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर सहारा योजना बंद कर लोगों के साथ अन्याय करने का लगाया आरोप।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कल शिमला में होगी महिलाओं की जन आक्रोश पद यात्रा।